# हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(नवम् सत्र)

**लिखित उत्तर हेतु प्रश्न**

## सोमवार, 7 सितम्बर, 2020/16 भाद्रपद, 1942 (शक् )

----

**[मुख्य मन्त्री - जल शक्ति मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री - तकनीकी शिक्षा मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री - वन मन्त्री तथा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मन्त्री ].**

**कुल प्रश्न - 20**

----

### मुख्य मंत्री राहत कोष

1052 **श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक मुख्य मंत्री राहत कोष में कितनी धनराशि एकत्रित हुई तथा इस अवधि में मंदिरों से कितनी धनराशि ली गई; और

(ख) इस राहत कोष के अन्तर्गत कितनी धनराशि आवंटित की गई; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार नाम व पते सहित दें?

----

### बलात्कार के मामले

1053 **श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक प्रदेश में बलात्कार की कितनी घटनाएं हुईं; ब्यौरा ज़िलावार दें;

(ख) इनमें से कितने गैंग रेप कहाँ-कहाँ हुए; ब्यौरा दें;

(ग) बलात्कार की घटनाओं में कितने मामले अदालत में दाखिल किए गए हैं; और

(घ) इन घटनाओं के कितने मामलों में अपराधियों को सज़ा हुई; ब्यौरा दें?

----

## नर्सरी कक्षाएं

1054 **श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी)**:

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में प्राथमिक विद्यालयों में नर्सरी कक्षाएं आरम्भ करने के उपरान्त दिनांक 31.07.2020 तक कितने बच्चों को दाखिला दिया गया; ब्यौरा पाठशालावार दें; और

(ख) इन कक्षाओं को सुचारू रूप से चलाने हेतु कितने अध्यापकों की नियुक्ति की गई; ब्यौरा ज़िलावार दें?

----

## विद्युत आपूर्ति

1055 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू)**:

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में सुचारू रूप से विद्युत की आपूर्ति न होने के क्या कारण हैं तथा इसके सुधार हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

----

## विश्राम गृह का निर्माण

1056 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू)**:

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) रोहडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत वन विभाग के कितने विश्राम गृह स्थापित हैं तथा विश्राम गृह शील के भवन निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) यह सत्य है कि खदराला वन विश्राम गृह जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है; यदि हां, तो इसकी मरम्मत हेतु विभाग क्या पग उठा रहा है?

----

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण

1057 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शीलघाट एवं उप-स्वास्थ्य केन्द्र सियो के भवन निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## पर्यटन को बढ़ावा

1058 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला बिलासपुर के गोविंद सागर, कोलडैम, बहादुरपुर तथा स्वारघाट क्षेत्रों में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

----

## मछली उत्पादन

1059 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार प्रदेश में मछली उत्पादन को बढ़ावा देने हेतु योजना बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

----

## टूरिज्म कैफ़े

1060 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि सरकार द्वारा जुखाला में टूरिज्म कैफ़े का शिलान्यास किया गया है; यदि हां, तो इसके निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## जल जीवन मिशन

1061 **श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी)ः**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 31.07.2020 तक चिन्तपुरनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कितनी धनराशि स्वीकृत हुई है; और

(ख) इस योजना के अन्तर्गत कितने नलकूप स्थापित होंगे तथा किन-किन गांवों को पेयजल सुविधा उपलब्ध करवाई जााएगी?

----

## इण्डोर स्टेडियम

1062 **श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चिन्तपुरनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अम्ब में "इण्डोर स्टेडियम" निर्माण करने का सरकार विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

----

## लकड़ी का डिपो

1063 **श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार अम्ब में लकड़ी का डिपो खोलने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

----

## MLA Priority Schemes

1064 **Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Jal Shakti Minister** be pleased to state that what is the latest position of DPRs under MLA Priority Schemes of Jal Shakti Department; details of the last 3 years upto 31.07.2020 be given?

----

## पेयजल योजनाओं का नवीनीकरण

1065 **श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु (नदौन):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने वर्ष 2000 से पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं का नवीनीकरण एवं सम्वर्धन करवाने का निर्णय लिया है;

(ख ) यदि हां, तो इस कार्य में कितना व्यय होगा और इसका वित्तपोषण किस एजैंसी द्धारा किया जाएगा; और

(ग) प्रदेश में नवीनीकरण योजना के तहत कौन-कौन सी पेयजल योजनाओं को सम्मिलित किया गया है; इन योजनाओं का नाम, अनुमानित लागत एवं स्वीकृत राशि का ब्यौरा मण्डलवार दें?

----

## पदपूर्ति

1066 **श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु (नदौन)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्तमान में प्रदेश में ऐसे कौन-कौन से प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हैं जिनमें चिकित्सकों के पद रिक्त पड़े हैं तथा इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

----

## नई राहें-नई मंजिलें

1067 **श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु (नदौन)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में "नई राहें-नई मंजिलें" योजना कब प्रारंभ की गई थी तथा इसके मुख्य उद्देश्य क्या हैं;

(ख) गत 2 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक प्रदेश में कौन-कौन से पर्यटन स्थल इस योजना के अन्तर्गत सम्मिलित किए गए हैं; विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा नाम सहित दें; और

(ग) इन स्थलों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए क्या प्रारूप तैयार किया गया है और इसमें कितनी धनराशि व्यय होगी; ब्यौरा स्थलवार दें?

----

## Road Fitness Certificate

1068 **Sh. Ashish Butail (Palampur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that road from Patti to Panchayat Ghar Badehar and GSSS Ghar to Kapoor Nagri in Tehsil Palampur was inspected by the authorities for road fitness; details along with date of application / inspection be given; and

(b) has the road been passed and fitness certificate issued; if no, reasons thereof?

----

## Himcare/Aayushmaan Bharat Yojna

1069 **Sh. Ashish Butail (Palampur):**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state :-

(a) during the last 2 years upto 31.07.2020, how many households/families have been covered under Himcare and Aayushmaan Bharat Health Schemes;

(b) how much insurance amount has been collected as premium by the Insurance Companies for both schemes; company-wise and district-wise details be given;

(c) how much was the public, State and Central Government share; details be given; and

(d) how many families/households/persons benefitted from the schemes in this period; district and amount-wise details be given?

----

## शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड

1070 **श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड में कितने कर्मचारी अनुबंध और आउटसोर्स पर कार्यरत हैं; ब्यौरा नाम, पते, वेतनमान व पद सहित दें;

(ख) यह अनुबंध किस कम्पनी के साथ है; कम्पनी को सालाना/मासिक कितना भुगतान किया जाता है; और

(ग) इस निगम में वाहनों पर प्रतिमाह पैट्रोल और डीज़ल हेतु कितना व्यय किया जाता है और यह वाहन किस-किस अधिकारी द्वारा प्रयोग में लाए जाते हैं; ब्यौरा दें?

----

**स्थानान्तरण**

1071 **श्री सतपाल सिंह रायजादा (ऊना)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.07.2020 तक ऊना विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न विभागों में कितने स्थानान्तरण किए गए; ब्यौरा कर्मचारियों के नाम, पद व स्थान सहित दें; और

(ख) ऊना जिला में कुल कितने अधिकारी ऐसे हैं जो अपने गृह क्षेत्र में कार्यरत हैं; ब्यौरा नाम व स्थान सहित दें?

----

**शिमलाः** 171004. **यशपाल शर्मा,**

**दिनांकः 22 अगस्त, 2020 .** **सचिव।**